# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 01.05.2025 समय : 1905

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज पहले वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट सम्मेलन–वेव्स का उद्घाटन किया।
- अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर गृहमंत्री अमित शाह ने कहा –मजदूर अपनी मेहनत से अर्थव्यवस्था को तेजी से विकास की ओर ले जा रहे हैं।
- समग्र क्षेत्रीय केंद्र की ओर से दिव्यांगजनों के लिए रोज़गार मेले का आयोजन किया जाएगा।
- बिल्डर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अंडमान निकोबार केन्द्र द्वारा आज प्रथम प्रबंधन समिति और जनरल काउंसिल बैठक का आयोजन किया गया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज मुंबई के जिओ वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में पहले वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट सम्मेलन–वेव्स का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि यह वैश्विक मंच है जो कलाकारों और रचनाकारों के नये विचारों को बढ़ावा देगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि वेव्स सम्मेलन में सौ से अधिक देशों के कलाकार, नवोन्मेषक, निवेशक तथा नीति निर्माता एक मंच पर साथ आये हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वेव्स सम्मेलन में भारत की रचनात्मक ताकत वैश्विक मंच पर उजागर होगी। उन्होंने कहा कि भारत, फिल्म निर्माण, डिजिटल विषय–सामग्री, गेमिंग, फैशन, संगीत और लाइव कन्सर्ट के लिए वैश्विक केन्द्रो के रूप में उभर रहा है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट सम्मेलन–वेव्ज़ नये आर्थिक अवसर सृजित करेगा। इस अवसर पर श्री वैष्णव ने कहा कि चार सौ करोड़ रूपये की लागत से मुंबई में भारतीय रचनात्मक प्रौद्योगिकी संस्थान स्थापित किया जाएगा।

<><><><><><><>

अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस आज पूरे विश्व में मनाया जा रहा है। इस दिन का उद्देश्य श्रमिक वर्ग के योगदान को सम्मानित करना और उनके अधिकारों को बढ़ावा देना है। इस दिन को ग्लोबल वर्कर्स डे या मई दिवस भी कहा जाता है। इस अवसर पर, गृह मंत्री अमित शाह ने सभी देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जो मजदूर दिन–रात मेहनत कर विकसित भारत के निर्माण का संकल्प पूरा कर रहे हैं, वे लोगों का जीवन आसान बना रहे हैं और अपनी मेहनत और समर्पण से अर्थव्यवस्था को तेजी से विकास की और ले जा रहे हैं। श्रमिकों को राष्ट्र निर्माण के मजबूत स्तंभ बताते हुए, गृह मंत्री ने आश्वासन दिया कि सरकार सभी श्रमिकों के कल्याण और समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध है। द्वीपसमूह में भी श्रमिक दिवस के अवसर पर रैली निकाली गई, जिसमें विभिन्न विभागों के श्रमिकों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

केन्द्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान ने राष्ट्रीय परीक्षण एवं अंशांकन प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड –एनएबीएल के सहयोग से एनएबीएल प्रत्यायन पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य एनएबीएल प्रत्यायन की प्रक्रिया और महत्व के बारे में जानकारी प्रदान करना था। साथ ही शैक्षणिक संस्थानों, उद्योग पेशेवरों, नियामक निकायों और प्रयोगशाला प्रबंधन को इसके लाभों के बारे में भी बताना था। कार्यक्रम में प्रयोगशाला प्रत्यायन और गुणवत्ता आश्वासन के लिए आवश्यक अंतर्राष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों और अनुपालन प्रोटोकॉल का पालन करने के महत्व पर प्रकाश डाला गया। अपने संबोधन में क्यारी के निदेशक डॉ. एकनाथ बी. चाकुरकर ने विश्वसनीयता और वैज्ञानिक उत्पादन को बढ़ाने में गुणवत्ता प्रणालियों की भूमिका पर जोर दिया।

कार्यक्रम में अंडमान द्वीपसमूह के विभिन्न संस्थानों से कुल 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया। यह पहल क्षेत्र में वैज्ञानिक और औद्योगिक परीक्षण में गुणवत्ता, जवाबदेही और वैश्विक मानकों को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

<><><><><><><>

कौशल विकास, पुनर्वास एवं सशक्तिकरण के लिए समग्र क्षेत्रीय केंद्र की ओर से दिव्यांगजनों के लिए रोज़गार मेले का आयोजन किया जाएगा। समाज कल्याण निदेशालय, रोजगार एवं प्रशिक्षण निदेशालय और अन्य प्रमुख हितधारकों के इस सहयोग का उद्देश्य नियोक्ताओं के लिए कुशल एवं महत्वाकांक्षी दिव्यांगजनों के लिए समावेशी रोजगार को बढ़ावा देना है। इस मेले में सभी सरकारी विभागों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, निजी कंपनियों, आतिथ्य और पर्यटन व्यवसायों, अस्पतालों और बैंकिंग और सेवा क्षेत्रों और एमएसएमई भाग ले सकते हैं। इच्छुक व्यक्ति 8 मई को दोपहर 3 बजे तक ब्रुक्साबाद स्थित सी आर सी में आयोजित होने वाली प्री–इवेंट समन्वय बैठक में भाग ले सकते हैं।

<><><><><><><>

बिल्डर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अंडमान निकोबार केन्द्र द्वारा दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए प्रथम प्रबंधन समिति और जनरल काउंसिल बैठक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में देशभर के अध्यक्ष और सदस्यों ने भाग लिया। इस अवसर पर अंडमान लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता टी के प्रीजीत रेख मुख्य अतिथि थे। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि बिल्डर्स एसोसिएशन न केवल सीमेंट और कांक्रीट का काम करता है, बल्कि आशाओं का भवन बनाता है।

कार्यक्रम में अंडमान निकोबार केन्द्र के अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रह्लादका, एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह कम्बोह, राज्य अध्यक्ष के. वेंकटेशन, अंडमान चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष के. चन्द्रशेखर सहित अन्य अधिकारियों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

विशेष न्यायाधीश नेयाज़ आलम ने कल डिगलीपुर निवासी रोशन लकड़ा को पॉक्सो के एक मामले में दस वर्ष की सज़ा सुनाई है। आरोपी पर पांच हजार रूपये का जुर्माना भी लगाया गया है। जुर्माने की रकम अदा न करने पर आरोपी को एक महीने की अतिरिक्त कठोर सज़ा भुगतनी होगी। मामले का संचालन विशेष लोक अभियोजक ए. एस. ज़िनू ने किया।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान ज़िला परिषद के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के एक वर्ष के कार्यकाल के लिए चुनाव कराया जाएगा। चुनाव आठ मई को सुबह दस बजे ज़िला परिषद के सम्मेलन कक्ष में रखा गया है।

<><><><><><><>